MPHIN/2009/34626



मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है स्वामी विवेकानंद

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक114 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी मंगलवार 09 जनवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-

पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार | पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार | पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

रामर्मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का हर घर पहुँच रहा आमंत्रण

सिवनी यशोः- राम काज कीन्हे बिनु मोहि कहां विश्राम' यूं तो रामचरित मानस की ये पंक्तियां महाकवि तुलसीदास ने प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त महाबली हनुमानजी के लिए लिखीं थीं। आज अयोध्या से आए पूजित अक्षत को घर-घर पहुंचा कर 22 जनवरी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रण दिया जा रहा है। गत 01 जनवरी से पूरे जिले भर में राम भक्तों द्वारा हर गांव -गाँव में चलाया जा रहा है। पिछले दिनें नगरों एवं ग्रामों के मंदिरों में अक्षत कलश पूजन का अभियान चला था उन्ही पूजित अक्षत कलशों से अक्षत निकलकर शहर एवं ग्राम में रामभक्तों की टोलियाँ स्नेह निमंत्रण हर घर पहुंच रहे हैं। इसमें बड़ी सं या में महिला पुरुष के साथ युवाओ को देखा जा रहा है। पूरे देश में 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भारी उत्सुकता का वातावरण बना हुआ है । देश के

कोने कोने में 22 जनवरी के उस क्षण का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है जब भगवान श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजित होंगे ।

भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को पूरा देश दिवाली जैसा उत्सव मनाने के लिये बेताब है । श्रीराम लला के इस कार्यक्रम को पूर्ण उत्साह और गरिमा के साथ देश भर में मनाया जाये इसके लिये सनातन धर्मी व्यापक तैयारियाँ कर रहे है । 22 जनवरी को अयोध्या के भव्य आयोजन को सारी दुनिया में देखा जायेगा और भारत में इसका सीधा प्रसारण हर कोने में दिखेगा । रामजन्म भूमि में भगवान श्रीराम की पुनं प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन के अवसर पूरे देश के साथ सिवनी जिले के हर मंदिर और घरों में व्यापक आयोजनों को लेकर रामभक्त तैयारी कर रहे है । कार्यक्रम पूर्ण गरिमा के साथ मनाया जाये इसके लिये राम भक्त घर घर पहुँचकर आमंत्रण दे रहे है और कह रहे है कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सभी का शामिल होना संभव नहीं है इसलिये हम सारे देश को अयोध्या जैसा मानकर उत्सव मनायेंगे हर पूजा स्थल, हर घर सजाया जायेगा मंदिरों में पूजा आरती होगी प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसरण सामूहिक देखा जायेगा । भगवान का भक्तिमय आयोजन दिन भर किया जायेगा और शाम के बाद हर घर अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया जायेगा हर घर दीपावली जैसा दीपों से जगमगायेगा । हर मंदिर सजाया जायेगा ।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पिछले माह से सनातन समाज द्वारा उत्सव के लिये वातावरण बनाया जा रहा है । अक्षत कलश के पूजा का क्रम हर गांव गांव वार्ड वार्ड और मोहल्लों में संपन्न हुआ अब 01 जनवरी से हर घर में राम भक्त अयोध्या से प्राप्त आमंत्रण टोलियाँ बनाकर देने जा रहा है ।

मानव अधिकार आयोग मित्र संतोष चौबे को दो वर्ष की सजा

सिवनी यशोः - वर्ष 2015 में के दौरान आरोपी संतोष चौबे पिता

महिला प्रशासनिक अधिकारी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने वाला मैसेज भेजने के आरोप में मानव अधिकार आयोग मित्र के रूप में कार्य रहे संतोष चौबे को न्यायालय ने दो वर्ष की सजा सुनाई है । प्रदीप कुमार भौरे ,सहायक जिला अभियोजन अधिकारी/ मिडिया सेल प्रभारी सिवनी द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी को सिवनी में सेवा सी.पी. चौबे उम्र 31 वर्ष निवासी भैरोगंज जो कि आयोग मित्र, मानव अधिकार आयोग सिवनी ने अपमानजनक मैसेज कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया था ।

जिसकी लिखित शिकायत पीड़िता ने थाना कोतवाली सिवनी में की थी, कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक, 687/2015, धारा 354 डी ,509 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचन कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कि न्यायालय में प्रस्तुत किया था।

शासन की ओर से अजय सलाम सहायक जिला अभियोजन अधिकारी ने पैरवी करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष साक्ष्य और सबूत प्रस्तुत किये तथा अपने अंतिम तर्क के दौरान उन्होंने बताया कि जब एक प्रशासनिक सेवा की अधिकारी ही अपने कर्तव्यों के दौरान सुरक्षित नहीं है तो अन्य महिलाओं का उनके कार्य के दौरान कितना शोषण होता होगा।

माननीय न्यायालय द्वारा सहायक जिला अभियोजन अधिकारी के तर्क से सहमत होते हुए दिनांक 6.1.2024 को आरोपी संतोष चौबे को धारा 354B भादवि में 2 वर्ष के कठोर कारावास से एवं धारा 509 भादवि में 1 वर्ष के कठोर कारावास से दंडित किया।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने खिलाड़ियों का स मान कर शुभकामनाएं दीं

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम मे हुए शामिल

सिवनी यशोः- सोमवार 08 जनवरी को सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का स मान कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की । एकल विद्यालय के द्वारा आयोजित जबलपुर में आयोजित संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता टीम के खिलाड़ियों को सिवनी विधायक श्री राय ने अपने बारापत्थर स्थित आवास मे स मान कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही श्री राय ने नागपुर में होने वाली एकल विद्यालय की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सं मलित होने के तथा दिल्ली में आयोजित 67 वीं राष्ट्रीय जि नास्टिक प्रतियोगिता में चयनित हुए सिवनी जिले के 9 खिलाड़ियों का भी स मान कर बधाई व शुभकामनाएं दी गयी। इसके पश्चात विधायक श्री राय विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम थांवरी पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम मे शामिल होकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आरंभ की गयी विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों से ग्रामीण बंधुओं को अवगत कराया गया। इस दौरान विधायक श्री राय ने ग्रामीणों के साथ देश के लोकप्रिय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के लाईव संबोधन को सुना गया।

दस हजार रूपये की उधारी में प्रमोद की हत्या

पुलिस ने अंधे हत्याकाण्ड का खुलासा कर 24 घंटे के अंदर आरोपी को किया गिर तार

सिवनी यशोः- थाना लखनवाड़ा अंतर्गत ग्राम सिमरिया हथनापुर निवासी प्रार्थी आकाश डहेरिया पिता मूलसिंह डहेरिया ने दिनांक 07.01.2024 को रिपोर्ट लेख कराया कि चाचा प्रमोद उर्फ परसराम डहेरिया पिता धनपत डहेरिया उम्र 37 वर्ष नि.ग्राम सिमरिया हथनापुर का दिनांक 06.01.2024 को रात करीबन 07.30 बजे खाना खाकर घर से घूमने के लिये निकला था देर रात में घर नही आया तो हमने सोचे की कहीं दोस्तो के साथ घूमने चला गया होगा इसलिये रात में तलाश नही किये। दिनांक 07.01.2024 के सुबह 7.30 बजे प्रमोद उर्फ परसराम डहेरिया की गांव में तलाश कर रहे थे तलाश के दौरान प्रमोद उर्फ परसराम डहेरिया के खेत का कुंआ में जाकर देखे तो एक व्यक्ति मृत अवस्था में पानी में उतराता हुआ दिखा जिसके कपडे एवं हुलिया से पहचान किये जो प्रमोद उर्फ परसराम डहेरिया का शव था। फिर गांव के कोटवार प्रभुदयाल डहेरिया को बताया और अपने अन्य रिश्तेदार को बताया जो कुआ के पास पहुचे तो सभी ने हुलिया के आधार पर प्रमोद उर्फ परसराम डहेरिया के रूप में शिना त किये रिपोर्ट पर मर्ग क्रमांक 02/2024 धारा 174 जा. फौ. पंजीबध्द कर जांच में लिया गया। मर्ग कायम के पश्चात थाना लखनवाड़ा प्रभारी सी. के. सिरमें मय थाना स्टाफ के ग्राम सिमरिया पहुंच प्रारंभिक कार्यवाही की गई कार्यवाही के दौरान घटना स्थल मृतक प्रमोद उर्फ परसराम डहेरिया पिता धनपत डहेरिया के खेत के कुआ में मृतक प्रमोद उर्फ परसराम डहेरिया का शव मिला मृतक के सिर में चोट एवं कुआ के आसपास झडप के निशान मिले बाद शव पंचनामा कार्यवाही, घटना स्थल निरीक्षण, परिस्थिति जन साक्ष्य, भौतिक साक्ष्य, घटना स्थल से जप्तशुदा प्रदर्श, जिला अस्पताल सिवनी से शव का पी एम कराया गया शार्ट पी. एम रिपोर्ट में डॉ टर साहब द्वारा प्रमोद उर्फ परसराम डहेरिया की मृत्यु सिर में आई चोट के कारण होना लेख करने पर मर्ग जांच उपरांत अज्ञात आरोपी के विरूध्द प्रथम दृष्टया अपराध धारा 302 ताहि. का पाये जाने अपराध क्रमांक 14/ 2024 धारा 302 ताहि. अज्ञात आरोपी के विरूध्द दिनांक 07.01.2024 को कायम कर विवेचना मे लिया गया।

जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देने पर पुलिस अधीक्षक श्री राकेश कुमार सिंह, अनु. अधि. पुलिस पुरूषोत्तम मरावी, घटना स्थल पर पहुचे घटना स्थल का मौका मुआयना कर हत्या का प्रकरण होने से थाना प्रभारी थाना लखनवाडा को थाने के स्टाफ से विभिन्न टीमे बनाकर अज्ञात आरोपी की पता तलाश हेतु आवश्यक दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन दिये गये। वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशो पर थाने से विभिन्न टीमे बनाई गई एवं फिगर प्रिंट टीम, एफएसएल टीम, सायबर सेल टीम के व्दारा घटना स्थल पर पहुंचकर त्वरित कार्यवाही की गई। दिनांक 08.01.2024 को गांव में विवेचना के दौरान पूछताछ पर मृतक की बहन एवं अन्य गवाहो ने बताये कि प्रमोद उर्फ परसराम डहेरिया दिनांक 06.01.2024 को ग्राम के संदेही रामराज पिता नारायण डहेरिया उम्र 30 वर्ष नि. ग्राम सिमरिया का प्रमोद डहेरिया के खेत तरफ ही जाते दिखे थे किन्तु वापसी में रामराज डहेरिया अकेला वापस आते दिखा प्रमोद उर्फ परसराम डहेरिया उसके साथ आते नही दिखा जो संदेही रामराज डहेरिया पिता नारायण डहेरिया से हिकमत अमली से पूछताछ की गई जिसमें जुर्म स्वीकार करते हुये बताया कि प्रमोद उर्फ परसराम डहेरिया ने मुझसे दस हजार रूपये उधार लिया था जो रूपये मांगने पर प्रमोद उर्फ परसराम डहेरिया व्दारा नही देने के कारण घटना को अन्जाम दिया जो आरोपी को दिनांक 08.01.2023 को गिर तार किया गया। इस हत्याकांड का पर्दाफास करने में निरी.सी. के. सिरमें, उनि. प्रमोद भारव्दाज, उनि शेख रफीक खान, सउनि बारेलाल डहेरिया, प्र.आर 271 राजेश माथरे, प्र. आर. 214 योगेन्द्र चौहान, प्र.आर 329 संतोष उइके, आर.202 शिवदीप ठाकुर, आर. 535 अरूण झरे, आर. 761 गोविन्द डहेरिया, थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही

जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की कले टर ने समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने जल निगम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों एवं योजना अंतर्गत निर्माण कार्य कर ही एजेंसियों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन अंतर्गत स्कूलों, आंगनबाड़ियों में हुए नल कने शन सहित संचालित प्रगतिरत एवं पूर्ण हो चुके कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को अनुभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के माध्यम से स्कूलों, आंगनबाड़ी संस्थाओं एवं ग्रामों हुए नल कने शन कार्यों की गुणवत्ता जांच कराने के निर्देश दिए। इसी तरह स्कूल एवं आंगनबाड़ी संस्था प्रमुखों को भी संस्थाओं में हुए नल कनें शन कार्यों एवं नल संचालन की स्थिति की जांच तथा आवश्यक तानुसार सुधार कार्य कराने के उपरांत ही एनओसी देने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने पूर्व स्वीकृत योजनांतर्गत शेष रहे कार्यों एवं नवीन टेंडरों की समीक्षा कर निर्धारित समय सीमा में कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश दिये। स बन्धित अधिकारियों को दिये।

22 जन. को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें

भोपाल। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्यु न सिंह तोमर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 22 जनवरी को प्रदेश में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि अयोध्या में रामलला के मंदिर में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन एवं अन्य चैनलों के माध्यम से किया जायेगा। कार्यक्रम का स्वरूप अत्यंत व्यापक होगा और जन-सामान्य उक्त कार्यक्रम के साक्षी होना चाहेंगे। अत- इस दिन विद्युत व्यवधान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा है कि विद्युत व्यवधान होने से जन-सामान्य को कार्यक्रम देखने में असुविधा हो सकती है।

जिला कले टर ने उपार्जित धान के व्यवस्थित परिवहन एवं भंडारण के लिये दिये निर्देश

समय सीमा बैठक स पन्न

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सोमवार 08 जनवरी को कले ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ नवजीवन विजय, अपर कले टर सी.एल. चनाप., अपर कले टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही साथ ही विक ासखण्डस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

बैठक में सर्वप्रथम कले टर श्री सिंघल ने सीएम हेल्पलाईन में दर्ज 50 एवं 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों, जिलेवार रैंकिंग के लिए चयनित शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिक शिकायतों वाले राजस्व विभाग, ऊर्जा विभाग, नगरीय निकायों एवं स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों में लंबित शिकायतों की विस्तृत समीक्षा कर सभी विभागाधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र निराकरण करने तथा

फॉलोअप दर्ज करने के निर्देश दिए। इसी तरह कले टर श्री सिंघल ने समय सीमा में दर्ज प्रकरणों, जन शिकायतों एवं जन प्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों की समीक्षा कर शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए।

कले टर श्री सिंघल ने धान उपार्जन कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को उपार्जित धान के व्यवस्थित परिवहन एवं भण्डारण करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने एनएचआई की खराब सड़कों एवं चिन्हांकित ब्लेक स्पॉटों का शीघ्र मर मत कार्य कराने के निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने बिना वैध अनुमति के मांस-मछली विक्रय करने वालों पर की गई कार्यवाही की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी, सीएमओ एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को अवैध तरीके से मांस-मछली विक्रय करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा व्यवसायियों को एनओसी प्राप्ती उपरांत ही चिन्हांकित स्थलों पर मांस-मछली विक्रय करने की अनुमति देने के निर्देश दिए।

कले टर श्री सिंघल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता सूची के विशेष सक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को 06 जनवरी 2024 को 18 वर्ष आयु पूरी कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के साथ ही वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने संबंधी कार्यवाही 22 जनवरी के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि समय सीमा में प्राप्त दावे-आपत्तियों को निराकरण किया जा सके।

कले टर श्री सिंघल द्वारा जिले में संचालित ग्राम पंचायतवार विकसित भारत संकल्प यात्रा की भी समीक्षा की गई। उन्होंने यात्रा से जुड़े सभी संबंधित विभागाधिकारियों को यात्रा के दौरान विभागों के स्टॉल लगाने तथा उपस्थित रहने के निर्देश दिए। इसी तरह कले टर श्री सिंघल द्वारा खाद्यान्न वितरण, अनुकंपा नियुक्ति एवं धारणाधिकार प्रकरणों सहित अन्य विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शासन की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को किया जा रहा है लाभान्वित

सिवनी यशोः- केन्द्र एवं प्रदेश शासन द्वारा शतप्तिशत हितग्राहियों को शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभांवित करने के उद्देश्य से 26 जनवरी 2024 तक ग्राम पंचायतवार %%विकसित भारत संकल्प यात्रा%% संचालित की जा रही है। यात्रा के माध्यम से शिविरों का आयोजन कर ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदाय की जा रही है साथ ही योजनाओं के लाभ से छूटे पात्रा हितग्राहियों को पात्रतानुसार लाभांवित किया जा रहा है। सोमवार 08 जनवरी 24 को बरघाट विकासखण्ड की ग्राम पंचायत लालपुर एवं गांगपुर, छपारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत केवलारी एवं रामगढ़, धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत नोनिया एवं बोरिया, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत कटटीरैयत एवं लुटमरा, केवलारी की ग्राम पंचायत पुत्तरा एवं सुनेहरा, कुरई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत जटामा एवं

पीपरवानी, लखनादौन की ग्राम पंचायत छपारा एवं धपारा तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत थांवरी एवं बगलई पहुंची।

आज यहां होंगे शिविर आयोजित

विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार 06 जनवरी 24 को बरघाट विकासखण्ड की ग्राम पंचायत ब ?हनी एवं मानेगांवकला, छपारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत भाटमरा एवं पायलीखुर्द, धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गोरखपुर एवं हर्रई, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सिकारारैयत एवं सुरजपुरा, केवलारी की ग्राम पंचायत बिछुआरैयत एवं अलोनीखापामाल, कुरई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत खवासा एवं खंडासा, लखनादौन की ग्राम पंचायत घूरवाडा एवं घोघरीकला तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत थावरी, महलोन एवं भाटीवाडा पहुंचेगी।

शीत लहर में भी चल रही है राम लहर

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर मध्यभारत प्रान्त में चल रहीं तैयारियों को लेकर विश्व हिन्दू परिषद् मध्यभारत प्रान्त के मंत्री राजेश जैन ने कहा 1 से 15 जनवरी तक चलने वाले %अक्षत वितरण कार्यक्रम% को लेकर विहिप के कार्यकर्त्ता उत्साह के साथ कार्य कर रहे हैं, 35 लाख घरों तक निमंत्रण पहुँचाने की योजना के अनुसार अब तक प्रान्त के 32 जिलों के 12,552 मोहल्ले/ग्राम में 12,000 टोलियों के 8500 कार्यकर्ताओं द्वारा 8 लाख 50 हजार परिवारों को अक्षत देकर प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या पहुँचने का निमंत्रण दिया जा चुका है. उन्होंने शीतलहर के साथ रामलहर चलने की बात कही.

छत्रपति शिवाजी महाराज के किलों और उनसे जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों का रोचक वर्णन 'हिन्दवी स्वराज्य दर्शन'

प्रो. (डॉ) संजय द्विवेदी-

लेखक लोकेन्द्र सिंह बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। कवि, कहानीकार, स्त भलेखक होने के साथ ही यात्रा लेखन में भी उनका दखल है। घुमक्कड़ी उनका स्वभाव है। वे जहाँ भी जाते हैं, उस स्थान के अपने अनुभवों के साथ ही उसके ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व से सबको परिचित कराने का प्रयत भी वे अपने यात्रा संस्मरणों से करते हैं। अभी हाल ही उनकी एक पुस्तक 'हिन्दवी स्वाराज्य दर्शन' मंजुल प्रकाशन से प्रकाशित हुई है, जो छत्रपति शिवाजी महाराज के किलों के भ्रमण पर आधारित है। हालांकि, यह एक यात्रा वृत्तांत है लेकिन मेरी दृष्टि में इसे केवल यात्रा वृत्तांत तक सीमित करना उचित नहीं होगा।



यह पुस्तक शिवाजी महाराज के किलों की यात्रा से तो परिचित कराती ही है, उससे कहीं अधिक यह उनके द्वारा स्थापित 'हिन्दवी स्वराज्य' या 'हिन्दू साम्राज्य' के दर्शन से भी परिचित कराती है। हम सब जानते हैं कि जिस वक्त शिवाजी महाराज ने स्वराज्य का स्वप्न देखा था, उस समय भारत के अधिकांश भाग पर मुगलिया सल्तनत की छाया थी।

उस दौर में पराक्रमी राजाओं ने भी स्वतंत्र हिन्दू राज्य की कल्पना करना छोड़ दिया था। तब एक वीर किशोर ने अपने आठ-नौ साथियों के साथ महादेव को साक्षी मानकर 'हिन्दवी स्वराज्य' का प्रतिज्ञा ली। अपनी इस प्रतिज्ञा को पूरा करने में हिन्दवी स्वराज के भावलों का जिस प्रकार का संघर्ष, समर्पण और बलिदान रहा, उसे आज की पीढ़ी को बताना बहुत आवश्यक है। लोकेन्द्र सिंह की पुस्तक इस उद्देश्य में भी बहुत हद तक सफल होती है।

छत्रपति शिवाजी महाराज ने भारत के 'स्व' के आधार पर 'हिन्दवी स्वाराज्य' की स्थापना की थी। हिन्दवी स्वराज्य में राज व्यवस्था से लेकर न्याय व्यवस्था तक का चिंतन 'स्व' के आधार पर किया गया। भाषा का प्रश्न हो या फिर प्रकृति संरक्षण का, सबका आधार 'स्व' रहा। इसलिए हिंदवी स्वराज्य के मूल्य एवं व्यवस्थाएं आज भी प्रासंगिक हैं। पुस्तक में विस्तार से इसका वर्णन आया है कि कैसे शिवाजी महाराज ने स्वराज्य की स्थापना करने के साथ ही शासन व्यवस्था से अरबी-फारसी के शब्दों को बाहर करके स्वभाषा को बढ़ावा दिया। जल एवं वन संरक्षण की ` या अद्भुत संरचनाएं खड़ी कीं।

मुगलों की मुद्रा को बेदखल करके स्वराज्य की अपनी मुद्राएं चलाईं। तोपखाने का महत्व समझकर स्वराज्य की व्यवस्था के अनुकूल तोपों के निर्माण का कार्य आरंभ कराया। समुद्री सीमाओं का महत्व जानकर, नौसेना खड़ी की। पुर्तगालियों एवं फ्रांसिसियों पर निर्भर न रहकर नौसेना के लिए जहाजों एवं नौकाओं के निर्माण के कारखाने स्थापित किए। किसानों की व्यवहारिक आवश्यकताएं एवं मजबूरियों को समझकर कृषि नीति बनायी। इन सब विषयों पर भी लेखक लोकेन्द्र सिंह ने अपनी पुस्तक 'हिन्दवी स्वराज्य दर्शन' में बात की है।

हम कह सकते हैं कि 'हिंदवी स्वराज्य दर्शन' अपने पाठकों को छत्रपति शिवाजी महाराज के दुर्गों के दर्शन कराने के साथ ही स्वराज्य की अवधारणा एवं उसके लिए हुए संघर्षों/बलिदान से परिचित कराती है। पुस्तक में सिंहगढ़ दुर्ग पर नरवीर तानाजी मालुसरे के बलिदान की कहानी, पुरंदर किले में मिर्जाराजा जयसिंह के साथ हुए ऐतिहासिक युद्ध एवं संधि, पुणे के लाल महल में औरंगजेब के मामा शाइस्ता खान पर शिवाजी महाराज की सर्जिकल स्ट्राइक का रोचक वर्णन लेखक लोकेन्द्र सिंह ने किया है। इसके साथ ही शिवाजी महाराज की राजधानी दुर्ग दुर्गेश्वर रायगढ़ का सौंदर्यपूर्ण वर्णन लेखक ने किया है।

पुस्तक का यह सबसे अधिक विस्तारित अध्याय है। छत्रपति के राज्याभिषेक का तो आँखों देखा हाल सुनाने का लेखकीय कर्म का बखूबी निर्वहन किया गया है। पाठक जब राज्याभिषेक के वर्णन को पढ़ते हैं, तो स्वाभाविक ही वे स्वयं को छत्रपति के राज्याभिषेक समारोह में खड़ा हुआ पाते हैं। राज्याभिषेक का एक-एक दृश्य पाठक की आँखों में उतर आता है।

यह संयोग ही है कि यह वर्ष हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना 350वां वर्ष है। इस निमित्त देशभर में हिन्दवी स्वराज्य की संकल्पना एवं उसकी प्रासंगिकता को जानने-समझने के प्रयत हो रहे हैं। ऐसे में लोकेंद्र सिंह की बहुचर्चित पुस्तक 'हिंदवी स्वराज्य दर्शन' को पढ़ना सुखद है। लेखक श्रीशिव छत्रपति दुर्ग दर्शन यात्रा के बहाने इतिहास के गौरवशाली पृष्ठ हमारे सामने खोलकर रख दिए हैं।

लेखनी का प्रवाह मैदानी नदी की तरह सहज-सरल है। जो पहले पृष्ठ से आखिरी पृष्ठ तक पाठक को अपने साथ सहज ही लेकर चलती है। यदि आपकी यात्राओं में रुचि है और इतिहास एवं संस्कृति को जानने की ललक है, तब यह पुस्तक अवश्य पढ़िए। 'हिंदवी स्वराज्य दर्शन' अमेजन पर उपलब्ध है। अमेजन पर यह पुस्तक यात्रा लेखन श्रेणी के अंतर्गत काफी पसंद की जा रही है। पुस्तक का प्रकाशन 'मंजुल प्रकाशन' ने किया है।

उज्जैन शहर के नालों एवं सीवरेज का पानी शिप्रा में न मिले, मु यमंत्री ने दिये स त निर्देश

सीवरेज एवं नालों का गन्दा पानी शिप्रा नदी में न मिले, इसके लिये उज्जैन एवं इन्दौर के अधिकारी प्लान तैयार करें - मु यमंत्री डॉ.यादव

मु यमंत्री ने शिप्रा नदी संरक्षण एवं संवर्द्धन की बैठक ली

भोपाल । मु यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि सीवरेज एवं नालों का गन्दा पानी शिप्रा नदी में न मिले, इसके लिये उज्जैन एवं इन्दौर के अधिकारी प्लान तैयार करें। मु यमंत्री ने कहा कि यह चिन्ता का विषय है कि सीवरेज एवं नालों का गन्दा पानी शिप्रा में मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नदी संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिये विशेषज्ञों की राय ली जाये। गन्दा पानी हम शिप्रा में जाने से कैसे रोके, इसका प्लान तैयार किया जाये। मु यमंत्री ने कहा कि गन्दे पानी के नाले एवं सीवरेज का पानी को रोकने के लिये सांवेर, रामवासा, पंथपिपलई, राघौपिपल्या में स्टापडेम बनाया जाये और यहां वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी लगाया जाये। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से साफ हुए पानी का उपयोग किसान सिंचाई के लिये करें, इसके लिये किसानों को समझाईश भी दी जाये। मु यमंत्री ने कहा कि हर हाल में गन्दा पानी शिप्रा में जाने से रोकना चाहिये। उन्होंने कहा कि साल दो साल में नई कॉलोनियां भी डेवलप होती हैं। वहां के सीवरेज के पानी की निकासी भी पर्याप्त व्यवस्था की जाये। वह पानी किसी भी स्थिति में शिप्रा नदी में न मिले। मु यमंत्री ने कहा कि स्टापडेम का रख-रखाव, मर मत का कार्य एवं आवश्यकता पड़ने पर उसकी ऊंचाई बढ़ाने का काम प्राथमिकता से किया जाये। उक्त निर्देश मु यमंत्री डॉ.यादव ने शिप्रा नदी संरक्षण एवं संवर्द्धन की बैठक में दिये। बताया गया कि कान्ह नदी पर पक्का स्टापडेम बनने का प्रस्ताव है। मु यमंत्री ने कहा कि सदावल में पंपिंग स्टेशन है। पानी को स्टापडेम की ओर डायवर्ट किया जाये। मु यमंत्री ने कहा कि सांवेर पर ही गन्दे पानी को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं स्टापडेम बनाकर कंट्रोल कर लें तो शिप्रा शुद्ध रहेगी। मु यमंत्री ने कहा कि शहर में टाटा प्रोजे ट अपना कार्य समय पर पूरा नहीं कर रही है। उनके कार्यों की पुनः समीक्षा की जाये। उन्होंने कहा कि नृसिंह घाट में किसी भी स्थिति में गन्दगी इकट्ठी न हो, अन्यथा वह रामघाट तक प्रवाहित होती है। गोदिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड के संबंध में मु यमंत्री ने कहा कि एक ही जगह कचरा ड प होने से आसपास के पांच गांव में पेयजल पीने योग्य नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नई-नई टे नालोंजी आ गई है। आवश्यकता है कि नई टे नालोंजी के द्वारा हम कचरा अपशिष्ट प्रबंधन करें।

मु यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में नगर निगम के अपशिष्ट पदार्थ एवं इण्डस्ट्री के गन्दे पानी को रोकने का प्लान तैयार करें। उन्होंने इन्दौर संभागायुक्त श्री मालसिंह को निर्देश दिये कि कार्य-योजना तैयार करें।

सांसद श्री अनिल फिरोजिया ने रूद्र सागर में मिलने वाले नाले, नई कॉलोनियों में पानी निकासी की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि गन्दे नालों के पानी की रोकथाम के लिये छोटे-छोटे स्टापडेम बनाने की आवश्यकता है। मु यमंत्री ने नमामि गंगे प्रोजे ट के स बन्ध में भी जानकारी ली।

बैठक में विधायक श्री सतीश मालवीय, महापौर श्री मुकेश टटवाल, संभागायुक्त डॉ.संजय गोयल, इन्दौर कले टर श्री आशीष सिंह, उज्जैन कले टर श्री नीरज कुमार सिंह, देवास कले टर श्री ऋषव गुप्ता सहित स बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

वनोपज संग्रहण से जुड़े परिवारों के लिये सामाजिक सुरक्षा बढ़ाने विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश

प्रत्येक परिवार का डेटा बेस तैयार करायें - वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान

भोपाल । वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने वनोपज संग्रहण से जुड़े परिवारों के लिये सामाजिक सुरक्षा दायरे और ज्यादा बढ़ाने के लिये संबंधित अधिकारियों को विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये हैं।

वनमंत्री ने कहा कि मप्र में वनोपज की बहुलता और विविधता है। वनोपज आधारित अर्थव्यवस्था मजबूत बनाने से इससे जुड़े परिवारों को लाभ मिलेगा। इसके लिये जरूरी है कि प्रत्येक परिवार का डेटा बेस तैयार करायें जिससे सभी प्रकार के हितलाभ उन्हें दिये जा सकें। कोई भी परिवार लाभ से वंचित नहीं रहे। वन मंत्री श्री चौहान ने कहा कि सुदूर अंचलों में साप्ताहिक हाट बाजारों में लघु वनोपजों का स्थानीय व्यापार होता है। कई बिचौलिये कम दामों में जनजातीय संग्राहकों से वनोपज खरीद लेते हैं और फिर ऊंचे दामों में बेचते हैं। आंवला, अचार, महुआ, बहेडा, बेल गूदा, धवई फूल, चिरायता, नागरमोथा, पलाश फूल, निर्मली, बायविडंग, गटारन, गुडमार पत्ती, सतावर, सलई गोंद जैसी कई वनोपज संग्राहक लाते हैं लेकिन सही बाजार रणनीति के अभाव में वे सही पारिश्रमिक मिलने से वंचित रह जाते हैं। स्थानीय व्यापारियों को वे बेच देते हैं।

वन मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जब 32 प्रकार की वनोपजों का समर्थन मूल्य घोषित है तो संग्राहकों को भी उनकी मेहनत का दाम दिलाने के लिये उपयुक्त रणनीति बनायें। उन्होंने कहा कि इन वनोपजों के दाम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में बढ़ते घटते रहते हैं। इसलिये वनोपजों का संग्रह कर रहे परिवारों को इसकी भी जानकारी होना चाहिए। संबंधित अधिकारी एक आसान व्यवस्था बनाये कि कि कैसे बाजार दरों की जानकारी संग्राहकों को हो सकती है।

अब तक 32 लघु वनोपजों का न्यूनतम मूल्य निर्धारित किया जा चुका है। लघु वनोपजों के संग्रहण मूल्य निर्धारित होने से वनवासियों को इन वनोपजों के लिए बिचौलियों पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा। इससे उनके आर्थिक हालात सुधरेंगे। जिन लघु वनोपजों का प्रथम बार समर्थन मूल्य प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है, उनमें जामुन बीज 42 रुपये, आंवला गुद्दा 52, मार्किंग नट (भिलावा) 9 रुपये, अनन्त फूल 35, अमलतास बीज 13, अर्जुन छाल 21, गिलोय 40, कोंच बीज 21, कालमेघ 35 रुपये, बायबडंग बीज 94, धवई फूल 37, वन तुलसी पत्तियाँ 22, कुटज (सुखी छाल) 31, मकोय (सूखी छाल) 24, अपंग पौधा 28, इमली (बीज सहित) 36, सतावरी की सूखी जड़ 107 और गुडमार लघु वनोपज 41 रुपये प्रति किलोग्राम न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के मनमाने संचालन पर हाईकोर्ट स त, याचिका पर सुनवाई के बाद मांगा जवाब

याचिका में कहा गया था कि एमपीसीए का संचालन मनमाने तरीके से हो रहा है। एसोसिएशन में किसी प्रकार की कोई पारदर्शिता नहीं है। बैठकों के आयोजन से लेकर सदस्य चयन में नियमों का पालन नहीं किया जाता है।

जबलपुर। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन संचालन मनमाने तरीके से किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। याचिका में कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट ने लोढ़ा कमेटी की सिफारिश पर साल 2018 में बीसीसीआई को संचालन व्यवस्था के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए थे। बीसीसीआई से मान्यता प्राप्त राज्य क्रिकेट एसोसिएशन को भी उनका पालन करना था। राज्य क्रिकेट एसोसिएशन उन दिशा-निर्देश का परिपालन सुनिश्चित करे, यह जिमेदारी बीसीसीआई की है।

याचिका में कहा गया था कि एमपीसीए का संचालन मनमाने तरीके से हो रहा है। एसोसिएशन में किसी प्रकार की कोई पारदर्शिता नहीं है। बैठकों के आयोजन से लेकर सदस्य चयन में नियमों का पालन नहीं किया जाता है। इसके अलावा बजट का उपयोग भी मनमाने तरीके से किया जाता है। इसके कारण प्रदेश में क्रिकेट के खेल का भविष्य नहद हो रहा है। याचिका में केन्द्र व सरकार, बीसीसीआई, एमपीसीए, रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसायटी सहित नर्मदापुरम के क्रिकेट एसोसिएशन सहित अन्य को अनावेदक बनाया गया था। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद अनावेदकों को नोटिस जारी कर अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की तरफ से पैरवी अधिवक्ता काजी फखरुद्दीन ने की।

याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि विजय कुमार मलिमथ तथा जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

बता दें कि नर्मदापुरम निवासी आनंद मिश्रा की तरफ से ये याचिका लगाई गई है। याचिका में कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट ने लोढ़ा कमेटी की सिफारिश पर साल 2018 में बीसीसीआई को संचालन व्यवस्था के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए थे। बीसीसीआई से मान्यता प्राप्त राज्य क्रिकेट एसोसिएशन को भी उनका पालन करना था। राज्य क्रिकेट एसोसिएशन एमपीसीए के संचालन में उनका परिपालन नहीं हो रहा है। याचिका

इंदौर की आधी आबादी हो सकती है अस्वस्थ, हेल्थ सर्वे रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा

आंकड़े
200104 कुल टेस्ट
101453 सामान्य
98651 अस्वस्थ
49.83 महिला सर्वे में शामिल
50.17 पुरुष सर्वे में शामिल
11.14 शुगर के करीब हैं
20.06 हार्ट अटैक के करीब हैं

इंदौर। देश के सबसे स्वच्छ इंदौर को स्वस्थ बनाने के लिए किए गए हेल्थ सर्वे में चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। इंदौर प्रशासन और सेंट्रल लैब द्वारा किए गए इस सर्वे में दो लाख लोगों को टेस्ट किए गए। इसमें सामने आया है कि लगभग एक लाख लोग अस्वस्थ हैं। इनमें से अधिकांश को एक से तीन बीमारियां हैं और उन्हें पता भी नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया की मौजूदगी में रिपोर्ट का प्रकाशन किया गया। रिपोर्ट देखने के बाद मंडाविया ने कहा कि इंदौर के इस हेल्थ सर्वे माडल को देश के अन्य शहरों में लागू किया जाएगा ताकि लोगों को पहले ही अपनी बीमारियों के बारे में पता चल सके।

100 करोड़ लागत से बनेगा क्रिकेटर केयर वार्ड

मंडाविया इंदौर में कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। रविवार को सबसे पहले वे एमजीएम मेडिकल कालेज की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर विशेष समारोह में शामिल हुए। अपने संबोधन के दौरान मंडाविया ने घोषणा की कि 100 करोड़ की लागत से एमवाय में क्रिटिकल केयर वार्ड बनेगा। चुनाव से पहले ही इसकी औपचारिकता पूरी कर दी जाएगी। इसके साथ ही कैंसर केयर के लिए कोई प्रोजे ट इंदौर के लिए हो तो उसे भी मदद दी जाएगी।

स्वस्थ रहो ताकि डॉ टरों की जरूरत न पड़े

इसके बाद मंडाविया हेल्थ आफ इंदौर कार्यक्रम में ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर पहुंचे। यहां पर डॉ टरों और शहरवासियों के लिए आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहो ताकि डॉ टरों की जरूरत ही न पड़े। इस पर कार्यक्रम में मौजूद सभी डॉ टर्स भी मुस्कुरा दिए।

मैं संसद भी साइकिल से जाता हूं

मंडाविया ने कहा कि मैं संसद भी साइकिल से जाता हूं। आज साइकिल गरीबों की नहीं अमीरों की गाड़ी बन चुकी है। इसके तीन फायदे हैं। आपका स्वास्थ्य बेहतर होता है, प्रदूषण कम होता है और पेट्रोल की बचत होती है। उन्होंने कहा कि एक से दो किलोमीटर के दायरे में जो भी काम आएं उसके लिए आप साइकिल चलाइए। उन्होंने बताया कि नीदरलैंड में 42 लाख जनता है और 50 लाख से अधिक साइकिल हैं। साइकिल चलाते रहिए आप बीमार नहीं पड़ेंगे। इसके अलावा उन्होंने कोरोना काल में भारत के डॉ टरों की सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि जितनी जल्दी कोरोना का वै सीन बना और देशभर में लगाया गया यह केवल हमारे देश में ही संभव है। उन्होंने कहा कि आज देश में सेवा की परिभाषा भी बदलने की आवश्यकता है। इस मौके पर हेल्थ आफ इंदौर की रिपोर्ट भी साझा की गई। इसमें दो लाख इंदौरियों का हेल्थ चेकअप हुआ है और बताया गया है कि किस तरह आप समय से पहले जांचें करवाकर स्वस्थ रह सकते हैं। प्रदेश के उप मु यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शु ल ने कहा कि इंदौर के इस हेल्थ चेकअप माडल को पूरे प्रदेश में लागू करवाएंगे। इस मौके पर सांसद शंकर लालवानी और अन्य मौजूद रहे।

एमपी बोर्ड के प्रवेश पत्र पर लगेगे यूआर कोड

भोपाल। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर विशेष तैयारी की गई है। इस पर 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के प्रवेश पत्र पर ` यूआर कोर्ड लगाएं गए हैं। इसके जरिए परीक्षार्थी की पहचान की जाएगी। इनं यूआर कोड को एप के माध्यम से स्कैन करने पर छात्र-छात्राओं की पूरी डिटेल सामने आ जाएगी। इससे फर्जी परीक्षार्थी की पहचान की जा सकेगी।

एमपी बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि यह व्यवस्था परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए की जा रही है। इससे परीक्षार्थी की पहचान की जाएगी। इससे फर्जी परीक्षार्थी की तुरंत पहचान हो सकेगी। यह एमपी बोर्ड की परीक्षा में पहला प्रयोग है। हालांकि सीबीएसई समेत दूसरे बोर्ड इसका उपयोग कर चुके हैं। ` यूआर कोड को एप के जरिए स्कैन किया जाएगा। यह एप बोर्ड की तरफ से बनाया गया है। जिसमें परीक्षार्थी की फोटो से लेकर पूरी डिटेल होगी। किसी परीक्षार्थी पर शंक होने पर प्रवेश पत्र के ` यूआर कोड को स्कैन करके फोटो समेत अन्य जानकारी का तुरंत ही मिलना किया जा सकेगा।

प्रदेश का हर युवा बनेगा विकसित भारत ए बेसेडर- वैभव पवार

सिवनी यशो:- भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश द्वारा विकसित भारत ए बेसडर कॉलेज आउटरीच कार्यक्रम का सोमवार को शुभार भ किया गया। जिसमें महाविद्यालय एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में युवाओं को नमो एप डाउनलोड करवाकर उन्हें विकसित भारत ए बेसडर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी महेन्द्र बघेल ने बताया कि भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार की विशेष उपस्थिति में शासकीय महाविद्यालय बरघाट, डीपी चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी, सोमवारी चौक एवं स्टेडियम ग्राउंड सिवनी से कार्यक्रम की शुरु आत हुई। वैभव पवार ने कहा कि भारत आज नए कीर्तिमान

स्थापित कर रहा है और विश्व में पांचवीं अर्थव्यवस्था हम बन गए है। हर क्षेत्र में भारत आगे बढ़ रहा है और विकसित भारत का जो संकल्प प्रधानमंत्री ने लिया है। उसको 2047 तक हम सब युवा पूरा होते हुए देखेंगे। भाजयुमो जिलाध्यक्ष युवराज सिंह राहंगडाले ने कहा कि युवाओं के लिए प्रधानमंत्री ने मेरा युवा भारत जैसी योजना लॉन्च की है और युवाओ को मंच देने का काम किया है। इन सब योजनाओं को हम नमो एप के माध्यम से आसानी से जान सकते हैं। इस कार्यक्रम में बरघाट जनभागीदारी अध्यक्ष देवेंद्र राहंगडाले, सिवनी जनभागीदारी अध्यक्ष बाबा पांडेय, बरघाट मण्डल अध्यक्ष विवेक बिसेन, डीपीसी के संचालक डॉ. केके चतुर्वेदी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मयूर दुबे, मयंक पवमें, जिला महामंत्री तुलेश डहरवाल, जिला उपाध्यक्षगण राजा बघेल, शुभम राजपूत, अंकित ठाकुर, जिला मंत्री अतीत बिसेन, विनायक शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री नितेश ठाकुर, नगर मण्डल अध्यक्ष भुनेश कुल्हाड़े, ऋभ चौरसिया, अंशुल पवार एवं भाजयुमो मण्डल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समुद्रंगजा में 52 कलश घट ज्योति स्थापना एवं विशाल भंडारा

छपारा यशो:- कोयातूर सेवा संस्थान समुंद्रराजा के तत्वाधान में 52 कलश घाट ज्योति स्थापना एवं विशाल भंडारा का कार्यक्रम दिनांक 11 जनवरी से 15 जनवरी तक समुद्रराजा दिशोरी में तिह 750 धनवंतरी महात्मागी लिंगा दादा जी साजबा दरबार के सानिध्य मे52 कलश घाट ज्योति स्थापना एवं विशाल भंडारा का आयोजित किया जा रहा है ग्राम पंचायत पिपरद्वाना के सरपंच राधेलाल उईके ने समस्त सामाजिक बंधुओ से अपील किया है की अधिक से अधिक सं या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करे

आवासीय विद्यालय में 6वीं कक्षा की 8447 सीटों के लिए 11 फरवरी को होगी प्रवेश परीक्षा

भोपाल । जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं की 8447 सीटों की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 8 जनवरी से बढ़ाकर 10 जनवरी की गई है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर और आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिये 11 फरवरी 2024 को सुबह 10 बजे परीक्षा आयोजित होगी। प्रवेश-पत्र 29 जनवरी से डाऊनलोड किए जा सकेंगे। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन प्रदेश में संचालित 63 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में 6वीं कक्षा में 3615 सीटें है। प्रदेश के 81 कन्या शिक्षा परिसर में कुल 4552 बालिकाओं के लिये और 8 आदर्श आवासीय विद्यालयों में कुल 280 सीटें है। मेरिट सूची में चयनित एवं न्यूनतम योग्यता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने विकल्प के अनुसार विद्यालयों में रिक्त सीट के विरुद्ध प्रवेश के लिये पात्र होंगे।

वार्षिक खेल महोत्सव "खेलो गुरुकुल" का आगाज आज

बरघाट यशो:- ह्यूमन सिरोर्सेस फेडरेशन के अनुसांगिक शैक्षणिक संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल में दिनांक 09 जनवरी 2024 से वार्षिक खेल महोत्सव - "खेलो गुरुकुल" का भव्य आयोजन किया जा रहा है। वार्षिक खेल महोत्सव का उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देना है। ज्ञात हो कि वर्तमान केन्द्र सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार खेल गतिविधि वाले विद्यार्थियों को 20% विशेष कोटा प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। बच्चों के संपूर्ण विकास में शैक्षणिक के साथ साथ शारीरिक एवं मानसिक गतिविधियां भी आवश्यक है जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। इन सभी बातों को दृष्टिगत रखते हुए बच्चों में खेलों के प्रति रुचि एवं सकारात्मता बनाए रखने के लिए गुरुकुल पब्लिक स्कूल द्वारा खेल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। संस्था प्रबंध निदेशक नरेश सिंह राजपूत का मानना है कि खेलों की भूमिका समाज एवं बच्चों में कई महत्वपूर्ण दिशाएं बनाती है। वे स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देते है, सामर्थ्य, टीमवर्क, और अनुशासन को संवारते हैं, साथ ही खेलों के माध्यम से मानसिक स्थिति को भी सुधार जा सकता है, इसके अलावा, वे व्यक्तिगत और सामाजिक संबंधों को बढ़ावा देतेहैं और सहयोग, सहनशीलता और साझेदारी की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम में नगर एवं बरघाट ब्लॉक से अनेक सहयोगियों की विशेष भूमिका होगी। नगर एवं खेल जगत की अनेकों हस्तियां वार्षिक खेल महोत्सव में सम्मिलित होंगी। गुरुकुल द्वारा आयोजित इस खेल महोत्सव में नरेश दिवाकर पूर्व विधायक एवं अध्यक्ष महाकौशल विकास प्राधिकरण, अशोक तेकाम राष्ट्रीय मंत्री सहकार भारती पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक सिवनी, श्रीमती इमरता साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बरघाट, अन्तिम पाठक सांसद प्रतिनिधि पूर्व पार्षद, ज्ञानसिंह चौरसे पार्षद एवं सभापति नगर परिषद, असंत ऊके पार्षद एवं सभापति नगर परिषद, सत्यशे भट्ट सांसद प्रतिनिधि, हेमंत राहंगडाले पार्षद सभापति मु य अतिथि के रूप में उपस्थित होगें। विद्यालय प्रबंधन समिति से नरेश सिंह राजपूत संस्था प्रबंध निदेशक, कुंवर सिंह राजपूत एवं विष्णु प्रसाद साहू फाउंडर मेंबर, अनिरुद्ध तिवारी, अशफाक अंसारी एवं आनंद श्रीवास्तव पालक शिक्षक संघ से उपस्थित होगें। गुरुकुल के विद्यार्थियों, नगर एवं समस्त बरघाट ब्लॉक में खेल आयोजन को लेकर हर्ष एवं उत्साह का माहौल व्याप्त है।

कर्तव्यों में लापरवाही बरतने पर मनावर मु य नगर पालिका अधिकारी निलंबित

भोपाल ।नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त श्री भरत यादव ने धार जिले के मनावर नगर पालिका अधिकारी को कर्तव्यों में लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

आरोपों में कहा गया है कि मु य नगर पालिका अधिकारी संतोष चौहान ने शीत ऋतु को देखते हुए विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नगर के रैन बसेरों में समुचित व्यवस्था नहीं की। इस वजह से स्थानीय नागरिकों में असंतोष पैदा हुआ। आरोपों में कहा गया है कि संबंधित नगर पालिका अधिकारी द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का भी त्वरित गति से निराकरण नहीं किया जा रहा था। इन कारणों से विभाग की छवि को भी नुकसान पहुँचा है। निलंबन अवधि में संतोष चौहान का मु यालय संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय रहेगा।

आयुक्त नगरीय विकास ने विभाग के सभी मैदानी अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि वे स्थानीय निकायों में बुनियादी सुविधाओं के साथ निर्देशों के पालन पर विशेष ध्यान दें।

छपारा नगर में घर घर तक पहुंच रही अक्षत कलश आमंत्रण यात्रा

नगर के हर वार्ड में दिया जा रहा निमंत्रण

छपारा यशो:- आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर में विराजमान होने जा रहे जन-जन की श्रद्धा और आस्था के केन्द्र एवम आदर्श प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर देश भर में विशालतम आयोजन किए जा रहे है।

जिसमे सभी के सहभागी एवं साक्षी बनने की आमंत्रण श्रृंखला की अक्षत कलश यात्रा गत 4 जनवरी से छपारा नगर के विभिन्न वार्डों में भ्रमण करती हुई प्रत्येक

धर्मावलंबियों के घर घर तक पहुंच रही है। इसी के चलते सोमवार को नगर के खैरमाई मंदिर डुंगरिया से कलश यात्रा प्रारंभ होकर महाराणा प्रताप, हाईवे हनुमान, संजय कॉलोनी राज नगर कॉलोनी इरीगेशन कॉलोनी रोड क्षेत्र में जारी रही।

उक्त कार्यक्रम में वार्ड के निवासीयों के साथ सनातन धर्मानुरागियों, व्यायाम शाला, विहिप, स्वयं सेवकों, सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में संलग्न संगठनों तथा उनके कार्यकर्ताओं के साथ-साथ सभी राजनैतिक दलों एवं विशिष्ट हस्तियों ने उक्षसपूर्ण उपस्थिति के साथ सहभागिता की। 22 जनवरी को नगर में होने वाले आयोजन को लेकर भी पूर्व की बैठक में विभिन्न विषयों पर निर्णय लिया गया है, कार्यक्रम की दिनांक और समयबद्ध व्यवस्थित रुपरेखा की जानकारी के साथ अपने स्वयं के घर, क्षेत्र, समस्त धार्मिक स्थलों में आयोजन के क्रियान-वयन के संदेश देकर सक्रिय सहभागिता के साथ अवसर को भव्यता प्रदान करने का आग्रह किया गया।

नगर में शोभा यात्रा निकालकर भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

बैनगंगा तट छपारा में सार्वजनिक श्रीमद भागवत कथा यज्ञ एवं सवा लाख शिवलिंग

रुद्री निर्माण अभिषेक का आयोजन

छ पा रा यशो:- सोमवार से बैनगंगा नदी तट पर संगीतमय भागवत कथा

का शुभारंभ हुआ, प्रथम दिवस नगर के पुराने बाजार स्थित राम मंदिर से पूजन पाठ पश्चात शोभायात्रा निकाली गई जो की नगर के मु य मार्ग से होते हुए बस स्टैंड पहुंची और थाने के सामने से होते हुए कथा स्थल बैनगंगा नदी तट के लक्ष्मी नारायण मंदिर के सामने मैदान में समाप्त हुई, उक्त शोभायात्रा एवम कथा वाचक कन्हैया महाराज का नगर में जगह जगह भव्य स्वागत किया गया।

ज्ञात हो कि उक्त सार्वजनिक संगीतमय भागवत कथा का बैनगंगा नदी तट के लक्ष्मी नारायण मंदिर के सामने मैदान में कई वर्षों से जनवरी माह में आयोजन हो रहा। इस वर्ष उक्त भागवत कथा बरसाना से पधारे कथा व्यास कन्हैया महाराज के मुखार बिंद मकर संक्रांति के अवसर पर 15 जनवरी तक जारी रहेगी। वही मंगलवार से प्रतिदिन सुबह 8आठ बजे से रुद्री निर्माण अभिषेक पूजन एवम दोपहर 1बजे से 5 बजे तक श्रीमदभागवत कथा का आयोजन किया जाना है ।

वंडर वर्ल्ड हायर सेकेंडरी स्कूल वार्षिकोत्सव स पन्न

लखनादौन यशो:- विगत दिवस वंडर वर्ल्ड हायर सेकेंडरी स्कूल लखनादौन में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यालय के लगभग सभी 360 बच्चों ने भाग लिया। शिक्षकों और बच्चों की कड़ी मेहनत से उक्त आयोजन सफल रहा। वार्षिकोत्सव के पहले दिन खेलकूद कार्यक्रम रहे जिसमें छोटे बच्चों की जोकर, रेसु वनी रेस, बड़े बच्चों द्वारा भाला फेंक दौड़ और विज्ञान प्रदर्शनी और व्यंजन मेला को आयोजन किया गया। विज्ञान बहुत अच्छे वकिंग मॉडल थे। व्यंजन मेला में भी बहुत स्वादिष्ट व्यंजन बच्चों द्वारा लाये गए थे। तीसरे दिन संध्या समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुये। जिसके मु य अतिथी सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन के साथ नगर के गणमान्य नागरिक नप अध्यक्ष मीना गोल्हानी, जनपद उपाध्यक्ष दीपक निगम सहित संजय तिवारी, श्री चक्रधर शर्मा थे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों मु य आकर्षण एरियल ऐ ट था जिसने सभी दर्शकों मन मोह लिया उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों उत्साह वर्धन किया इसके साथ ही शिवपार्वती, गणेशा, पेट्रोयोटिक ए.पी.जे कलाम जैसी प्रस्तुतियां आकर्षण का केन्द्र रही।

ब्रह्माकुमारीज द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर 'पीस वॉक'

'भारत को विश्व गुरु बनाने में युवा की भूमिका' विषय पर विशेष कार्यक्रम

सिवनी यशो:- अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट कहती है ,हमारा भारत विश्व के सर्वाधिक युवा जनसं या वाला युवा भारत है ,अर्थात युवाओं की विश्व में सर्वाधिक आबादी भारत में है ।युवाओं को स्वक ल्याण ,विश्वकल्याण व देश समाजकल्याण के लिए श्रेष्ठ दिशा निर्देशित किया जाए, तो निश्चित ही हमारा भारत वर्ष विश्व का दाता भारत होगा ,उक उद्गार ब्रह्मा कुमारीज सिवनी के जिला प्रमुख ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में व्यक्त किया। आगे ज्योति दीदी ने बताया कि समाज में अनुभवी एवं बुजुर्ग वर्ग अनुभवी दृष्टिकोण के कारण दूर दृष्टि से सोच सकता है, वह ,

मेन आफ विजडम होता है ,किंतु विजन को पैं टकल रूप देने वाला युवा ही होता है, *मेन आफ ऐ शन* होता है , युवा शक्ति को यदि सामाजिक कल्याण महिला कल्याण युवा कल्याण आध्यात्मिक संस्थान बारा पत्थर के पास भाजपा कार्यालय के सामने से आरंभ होकर शांतिपूर्ण पदयात्रा करते हुए युवाजन भैरोगंज मुगवानी रोड स्थित ब्रह्माकुमारी शांति शिखर परिसर में समापन होगा , पीस वॉक के बाद आरंभ होगा उक कार्यक्रम *भारत को विश्व गुरु बनाने में युवाओं की भूमिका* जैसे अति विशेष विषय पर होगा ।कार्यक्रम का संयोजन ब्रह्माकुमारी गीता दीदी जी करेगी ,ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी जी ने सिवनी नगर व जिले वासियों से सर्वाधिक सं या में कार्यक्रम में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जन करने की एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर हम सभी जिलेवासी संगठन की शक्ति द्वारा भारत को विश्व गुरु बनाने के कार्य का शुभारंभ करने की अपील की है।

स्वास्थ्य क्षेत्र सर्वोपरि, इसलिए खुले में खाद्य सामग्री के विक्रय पर की गई कार्रवाई - मु यमंत्री डॉ. यादव

प्रदेश के प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज होगा मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य क्षेत्र में मिलेंगे पर्याप्त आर्थिक संसाधन - केन्द्रीय मंत्री श्री मांडविया 218 करोड़ रूपए लागत की 187 स्वास्थ्य संस्थाओं का हुआ भूमिपूजन और लोकार्पण उज्जैन में देश की पहली हेल्दी एंड हाइजेनिक फूड स्ट्रीट का लोकार्पण

भोपाल। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महाकाल दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को इस परिसर में प्रसादम के माध्यम से हेल्दी फूड मिलेगा। अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छे आहार के विचार को क्रियान्वित किया जा रहा है। जन-स्वास्थ्य रक्षा सरकार की प्राथमिकता है। इस नाते गत कुछ सप्ताह में खुले में खाद्यान्न सामग्री बेचने और अस्वच्छ तरीके से मॉसाहार के विक्रय पर अंकुश के लिए 25 हजार से अधिक दोषी लोगों को दंडित किया गया है। नागरिकों को अच्छा स्वास्थ्य देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत सरकार प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज के लिए संकल्पबद्ध है। इसके साथ ही प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज हो, इस दिशा में राज्य सरकार भरपूर प्रयास करेगी। समाज के गरीब वर्ग के साथ महिलाओं, किसानों और युवाओं के कल्याण को समान महत्व देते हुए योजनाएं क्रियान्वित होंगी। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन में फूड स्ट्रीट प्रसादम एवं स्वास्थ्य संस्थाओं के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मु यमंत्री डॉ. यादव एवं केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया ने संयुक्त रूप से उज्जैन फूड स्ट्रीट (प्रसादम) का उद्घाटन किया। यह देश की पहली हेल्दी एंड हाइजैनिक फूड स्ट्रीट है।

पौराणिक महत्व है उज्जैन का

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन की रचना को देखें तो यह पृथ्वी का लघु रूप भी है। दुनिया के इस छोटे से स्वरूप में 84 महादेव है, सस सागर हैं। काल का केन्द्र महाकाल है। उज्जैन भविष्य का ग्रीनविच है। जब 21 जून और 22 दिस बर को सूर्य देव कक्षा बदलते हैं तो अपनी परछाई भी नहीं दिखाई देती। उज्जैन में काल गणना पौराणिक काल से हो रही है। करीब 300 वर्ष पहले तक समय की गणना दुनिया में कहीं से होती थी तो वह

शहर मध्य बिंदु उज्जैन था। इसलिए विज्ञान और प्राद्योगिकी विभाग के साथ ही अन्य संबंधित संस्थाओं के सहयोग से उज्जैन में ऑब्जर्वेटरी की स्थापना की पहल की गई। उज्जैन से अनेक विभूतियों का उदय हुआ है। हजारों वर्ष से विभूतियों का संबंध उज्जैन से रहा है। डॉ. यादव ने कहा कि प्रभु श्री राम पिता के श्राद्ध के लिए उज्जैन आए थे। इसी तरह भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा-दीक्षा यहीं हुई। महात्मा बुद्ध के काल में सम्राट अशोक ने अपने बेटे और बेटी को यहीं से बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए अन्य देशों के लिए रवाना किया। सम्राट विक्रमादित्य, भर्तृहरि सभी का संबंध उज्जैन से रहा है। राजा भोज के विषद ज्ञान को भोज पत्रों से जाना जा सकता है। मु यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मांडविया का केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से प्राप्त सहयोग के लिए आभार माना।

देश के अन्य नगरों में भी प्रारंभ होंगी फूड स्ट्रीट - केन्द्रीय मंत्री डॉ. मांडविया

केन्द्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि महाकाल के पवित्र स्थान पर फूड स्ट्रीट का शुभारंभ हो रहा है। यह फूड स्ट्रीट यात्रियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। डॉ. मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने आयुष्मान भारत, हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के माध्यम से स्वास्थ्य संरचना को मजबूत बनाने की ठोस पहल की है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य क्षेत्र में आवश्यक आर्थिक संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने विकसित भारत के लिए नागरिकों का स्वस्थ होना आवश्यक माना है। पहली बार देश में यह हुआ है कि विकास को मनुष्य के स्वास्थ्य से जोड़ा गया है। सिर्फ अस्पतालों के निर्माण से स्वास्थ्य क्षेत्र में लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता। नागरिक स्वस्थ रहें, इसके लिए उन्हें फाइजैनिक फूड मिलना जरूरी है। आने वाले समय में उज्जैन के बाद अन्य नगरों में इस तरह के फूड स्ट्रीट प्रारंभ किए जाएंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी समग्र दृष्टिकोण से नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहे हैं। कोविड के दौर में उनके नेतृत्व में जो लड़ाई लड़ी गई, दुनिया उसकी गवाह है। भारत में कोविड के प्रबंधन से विश्व के बड़े देशों को भी मोदी जी की क्षमताओं का ज्ञान हुआ। आज भारत सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रत्येक जिले को 100 करोड़ रूपए की राशि प्रदान कर रही है। नए भारत का निर्माण हो रहा है।

उप मु यमंत्री श्री राजेन्द्र शु ला ने कहा कि महाकाल लोक परिसर के विकास के बाद यहाँ प्रतिदिन एक से डेढ़ लाख लोग आ रहे हैं। शनिवार और रविवार में इनकी सं या 3 और 4 लाख तक पहुंच जाती है। मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए भारत सरकार से वित्तीय सहायता मिल रही है। जिला अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ाने के लिए भी धन की कोई कमी नहीं है। प्रधानमंत्री जी ने सड़क और आवास योजनाओं की भांति नेशनल हेल्थ मिशन के माध्यम से अनेक सुविधाएं प्रदान की है। उज्जैन फूड स्ट्रीट एक मॉडल है, जिसमें 17 संस्थान विभिन्न तरह का खान-पान उपलब्ध करवा रहे हैं। इसके लिए भारत सरकार द्वारा राशि प्राप्त हुई है। स्मार्ट सिटी के सहयोग से यह प्रकल्प क्रियान्वित हो रहा है।

प्रारंभ हुई स्वास्थ्य सेवाएं और उज्जैन फूड स्ट्रीट - एक नजर में

उज्जैन में मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने 218 करोड़ रुपये की लागत की 187 स्वास्थ्य संस्थाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इसके साथ ही महाकाल मंदिर और उज्जैन के अन्य मंदिरों में विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया गया। उज्जैन फूड स्ट्रीट के लोकार्पण से महाकाल लोक के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ और पोषण से भरपूर आहार प्राप्त होगा। महाकाल परिसर में स्मार्ट पार्किंग के निकट अवंतिका हाट का विकास हुआ है। प्रसादम के अंतर्गत श्रद्धालुओं और पर्यटकों को 900 वर्ग फीट क्षेत्र में ईट राइट इंडिया के तहत स्ट्रीट फूड उपलब्ध करवाया गया है। यहाँ काम करने वाले कर्मचारियों द्वारा एप्रिन और ग्लब्स का उपयोग किया जा रहा है। हाइजिन का विशेष ध्यान रखा गया है। विभिन्न स्थानों पर डस्टबिन भी रखी गई है। मोबाइल फूड टेस्टिंग इकाई, डिजिटल मेनू बोर्ड की सुविधा के साथ ही प्रसादम में विभिन्न सांस्कृतिक उत्सवों का आयोजन भी होगा। केन्द्रीय मंत्री डॉ. मांडविया और मु यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन फूड स्ट्रीट से जुड़ी वेबसाइट और ब्रोशर का लोकार्पण भी किया। फूड स्ट्रीट के लोकार्पण के पश्चात मु यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न सेवा प्रदाताओं से संवाद भी किया।

कार्यक्रम में सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक श्री सतीश मालवीय, श्री अनिल जैन, श्री जितेन्द्र पंड्या, डॉ. तेज बहादुर के साथ ही उज्जैन के महापौर श्री मुकेश टटवाल, नगर निगम की सभापति श्रीमती कलावती यादव, उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री श्याम बंसल, भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव, मध्यप्रदेश के अपर मु य सचिव स्वास्थ्य मोह मद सुलेमान सहित अनेक अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। स्वास्थ्य राज्य मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने आभार व्यक्त किया।

प्रदेश में स्वामी विवेकानन्द और मकर संक्रांति पर होंगे 5 दिवसीय कार्यक्रम

स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किये निर्देश

भोपाल । स्कूल शिक्षा विभाग 10 से 14 जनवरी 2024 तक प्रदेश में स्वामी विवेकानंद जयंती और मकर संक्रांति पर 5 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने समस्त जिला कले टर्स और विभागीय शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

प्रदेश में 10 जनवरी को शैक्षणिक संस्थाओं में स्वामी विवेकानंद पर के न्द्रित प्रेरणादायी शैक्षिक, सांस्कृतिक और ख्या यान संबंधी कार्यक्रम होंगे। इसके अगले दिन 11 जनवरी को योग प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार अ यास के साथ विद्यार्थियों के इसके महत्व पर भी चर्चा की जाएगी। शैक्षणिक संस्थाओं में 12 जनवरी को सामुहिक सूर्य नमस्कार और 13 जनवरी को कबड्डी, खो-खो, मलखंब, सितोलिया (पिट्ठू), लंबी और ऊँची कूद, रस्सा-कस्सी समेत अन्य स्थानीय पारंपरिक खेल होंगे। पाँचवे और अंतिम दिन 14 जनवरी को प्रदेशभर की सभी शैक्षणिक संस्थाओं में मकर संक्रांति के वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर निंबध लेखन, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता होंगे। इसी दिन विद्यार्थियों को स्थानीय साइंस सेंटर और यूजियम, प्लेनेटोरियम और वेधशाला का निरीक्षण कराया जायेगा। निर्देशों में कहा गया है कि प्राचार्य कक्षा 10 और 12वीं की परीक्षा को ध्यान में रखते हुए उनकी सहभागिता को स्वैच्छिक करें।

केबिनेट मंत्री संपतिया उइके के आतिथ्य में घर घर हथकरघा योजना का हुआ शुभारंभ

दयोदय गौ सेवा केंद्र में निर्माण हो रहे आकर्षक वस्त्र

मण्डला यशाः- संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के प्रेरणा ओर आर्शीवाद से सकल दिग बर जैन समाज के द्वारा मण्डला स्थित ग्राम आमानाला में दयोदय गौ सेवा केंद्र में संचालित श्रम हथकरघा के तत्वाधान में प्रदेश सरकार की केबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके के मु य आतिथ्य में घर-घर हथकरघा योजना का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर घुघरी के ग्राम खैरी के 2 युवाओं को हथकरघा यूनिट हथकरघा संचालक समिति की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश की केबिनेट मंत्री मण्डला विधायक श्रीमति संपतिया उइके ने कहा कि सकल दिगंबर समाज के द्वारा आमानाला में गौ सेवा का अनुकरणीय कार्य किया जा रहा है जो सर्व समाज के लिए एक प्रेरणा है बीमार, बूढ़ी गाय, विकलांग गाय की समिति के द्वारा उपचार, आहार और निरंतर सेवा का पुण्य कार्य किया जा रहा है। इसमें समाज के अन्य वर्ग के लोगों को भी आगे आकर सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाकवि पूज्य भूगमल सामाजिक सहकार न्यास के द्वारा हथकरघा योजना को प्रोत्साहित किया जा रहा है आमानाला स्थित दयोदय गौ सेवा केंद्र में उच्च स्तर के कपड़ों का निर्माण हाथों के द्वारा किया जा रहा है। समाज के द्वारा प्रारंभ किये गये इस प्रकल्प से अनेक युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल रहा है। श्रीमति उइके ने कहा कि आमानाला स्थित हथकरघा यूनिट से बड़ी मात्रा में महानगरों तक यहां से निर्मित किये गये वस्त्र, महानगरों तक विक्रय के लिए जा रहे हैं यह मण्डला के लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर लोकनिर्माण विभाग सभापति शैलेष मिश्रा, सुधीर कसार, नितिन राय, सकल दिगंबर समाज के अध्यक्ष राजेश जैन, हरकरघा के द्रे संचालक अनुराग भैया, गौ सेवा समिति अध्यक्ष अविनाश पापुलर जैन, चतुर्भास समिति अध्यक्ष मुकेश जैन, सकल दिगंबर गौ सेवा समिति एवं मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष रोहित जैन, अंकित जैन, लालु बंसल, गगन जैन, अजीत जैन, बंटी जैन, मीना जैन, अंकिता जैन सहित समाज के प्रमुखजन उपस्थित थे।

मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए निविदा की कार्यवाही पूर्ण, कार्यआदेश जारी

इले ट्रॉनिक मीडिया में चल रही जानकारी भ्रामक

मंडला यशोः- मंडला में मेडीकल कॉलेज के निर्माण के संबंध में निविदा की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है तथा नोडल एजेंसी द्वारा कार्य आदेश भी जारी कर दिया गया है। मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. केसी सरौते ने बताया कि मेडीकल कॉलेज के लिए जमीन का चिन्हांकन कर लिया गया है। निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है। कार्य पूर्ण करने की अवधि 30 माह निर्धारित है। सिविल कन्सट्रे शन के लिए म.प्र. भवन विकास निगम लिमिटेड नोडल एजेंसी है एवं इनके द्वारा टेन्डर प्रक्रिया पूर्ण कर ठेकेदार को कार्य आदेश जारी कर दिया गया है। उक्त संबंध में कुछ समाचार पत्रों तथा इले ट्रॉनिक मीडिया में मेडीकल कॉलेज के संबंध में भ्रामक जानकारियां प्रकाशित, प्रसारित की जा रही हैं। मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मीडिया के कुछ साथियों ने मुझ से मेडिकल कॉलेज की प्रगति के संबंध में जानकारी ली गई चूँकि मुझे इस संबंध मे पूर्ण जानकारी नही थी, जिस कारण से दी गई जानकारी से भ्रम की स्थिति निर्मित हो रही है। इसकी नोडल एजेंसी मेडिकल कॉलेज जबलपुर है, जिसके पास अद्यतन जानकारी रहती है। इस संबंध में यदि किसी को ज्यादा जानकारी चाहिए तो नोडल एजेन्सी मेडिकल कॉलेज जबलपुर या नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण उइके से प्राप्त कर सकते हैं।

भारतीय जनता पार्टी अल्पसं यक मोर्चा की बैठक संपन्न

मंडला यशोः- भारतीय जनता पार्टी अल्पसं यक मोर्चा के द्वारा प्रदेश कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार अल्पसं यक जिला कार्य समिति की बैठक भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मंडला पर आहूत की गई बैठक में मोर्चा के विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत चर्चा के साथ आगामी कार्यक्रमो के विषय में मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

बैठक में प्रदेश कार्यालय से नियुक्त बैठक प्रभारी भारतीय जनता पार्टी अल्पसं यक मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुश्री रोजाना कुरैशी एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी जिला अध्यक्ष अल्पसं यक मोर्चा जाकीर हुसैन एवं जिला महामंत्री जहुर मोह मद सहित अल्पसं यक मोर्चा के जिला पदाधिकारी एवं जिला कार्य समिति सदस्य / समस्त मंडल अध्यक्ष /महामंत्री एवं मोर्चे के वरिष्ठ कार्यकर्ता आवश्यक रूप से उपस्थित रहे

स्थानीय भाषा में दी जा रही योजनाओं की जानकारी

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले में किए जा रहे नवाचार

मंडला यशोः- प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए सामाजिक, आर्थिक पिछड़ापन दूर करने हेतु विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही हैं। जिले की प्रत्येक बैगा बस्तियों में शिविरों का आयोजन कर बैगा परिवारों को शासन की योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। बैगाओं को शासन की योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराने के लिए जिला स्तर पर नवाचार के रूप में स्थानीय भाषा का उपयोग किया जा रहा है। बैगानी भाषा में योजनाओं से संबंधित नारे तैयार किए गए हैं जो ग्राम स्तरीय दलों द्वारा बैगा बस्तियों के प्रमुख स्थलों पर लिखे जा रहे हैं। साथ ही बैगानी भाषा में ले स, पंपलेट तथा पोस्टर तैयार किए गए हैं, जिनमें शासन के 9 मंत्रालयों से संबंधित 11 महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर केन्द्रित योजनाओं की जानकारी है। प्रत्येक बैगा के घर तक पंपलेट का वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। पंपलेट में सबको पक्का घर, हर घर नल से जल, गांव-गांव तक सड़क, घर तक बिजली, शिक्षा के लिए हॉस्टल, कौशल विकास, मोबाईल मेडीकल यूनिट, सबको पोषण, ऊज्वल आजीविका, मोबाईल नेटवर्क, मु तराशन, मु तएलपीजी कने शन, आयुष्मान भारत, गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता, गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार, संस्थागत प्रसव, सिक लसेल एनीमिया, 100 प्रतिशत टीकाकरण, टीबी उन्मूलन, मध्यान्ह भोजन, प्रधानमंत्री जनधन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि के संबंध में जानकारी दी गई है।

9वीं राज्य स्तरीय सेपक टकरा प्रतियोगिता का आयोजन सिवनी में

सिवनी यशोः- 13 एवं 14 जनवरी 2024 को अरुणाचल पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में 9वी राज्य स्तरीय सेपक टेकरा प्रतियोगिता का आयोजन सिवनी सेपक टेकरा एसोसिएशन के द्वारा कराया जा रहा है, जिसमें लगभग 15-16 जिलों की टीम में भाग लेंगे यह प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग दोनों के लिए आयोजित की जा रही है जिसमें 14 वर्ष से कम 18 वर्ष से कम और 18 वर्ष से अधिक तीनों कैटेगरी में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, इसके लिए बच्चों का अ यास अरुणाचल पब्लिक स्कूल मैदान में शाम 4.30 बजे से कराया जा रहा है जिसमें नैशनल खिलाड़ीयो कोच तुषार, पवल नामदेव,, राम स्वरूप डेहरिया, अनिल कनौजिया, रघुनाथ निर्मलकर, के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है.

विकसित भारत संकल्प यात्रा नगरपालिका बालाघाट के शिविरों में निःशुल्क कानूनी सलाह सुविधा

घर बैठे फोन पर निःशुल्क कानूनी सलाह उपलब्ध होगी

बालाघाट। नगरपालिका बालाघाट में नगर के सभी वार्डों में आयोजित होने वाले शिविरों में पहुंचकर शासन की योजना का लाभ हितग्राही ले प्राप्त कर रहे है, अब जरूरतमंद नागरिक केन्द्रीय न्याय विभाग एवं राष्ट्रीय विधि सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत टेली-लॉ योजना के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सलाह भी ले सकते है। जो मध्यप्रदेश के ऐ पर्ट अधिवे ताओं से मोबाईल अथवा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सलाह प्राप्त की जा सकती है। सीएसपी सर्च इंफ्रेस्टेक द्वारा डे त सेवा कार्य में निःशुल्क सहयोग प्रदन किया जा रहा है। निःशुल्क पंजीयन के बाद हितग्राही निःशुल्क सलाह के लिए अपनी सुविधानुसार निर्धारित दिन व समय का चयन कर सकता है। राज्य स्तर पर गठित अनुभवी अधिवे ताओं के पैनल द्वारा स्वयं हितग्राही को फोन लगाया जायेगा। नागरिक मोबाईल एप्स के माध्यम से भी इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते है। यह समस्त प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है।

टेली-लॉ में इन प्रकरणों को शामिल किया गया है जिसमें जमीन जायदाद व स पत्ति का अधिकार, दहेज, तलाक, घरेलू हिंसा से बचाव, महिला, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न यौन दुर्व्यवहार,अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति के प्रति अत्याचार और पुनर्विवास इत्यादि को शामिल गया है।

पीएम जनमन अभियान के तहत 4 स्थानों पर लगे शिविर

मंडला यशोः- प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए सामाजिक, आर्थिक पिछड़ापन दूर करने हेतु विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिले की प्रत्येक बैगा बस्तियों में शिविरों का आयोजन कर बैगा परिवारों को शासन की योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। 7 जनवरी को मवई के सुरजपुरा, मोहगांव के उमरिया एवं खैरी माल तथा नारायणगंज के कापा ग्राम में विशेष शिविर आयोजित किए गए जिनमें बैगाओं को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पात्रता पर्ची, मु त राशन, उज्ज्वला योजना, पोषण आहार, मध्यान्ह भोजन, सुकन्या समृद्धि योजना सहित अन्य योजनाओं से आच्छादित करने की कार्यवाही की गई। शिविरों के दौरान सिकलसेल एनीमिया की जांच की गई तथा दवाईयों का वितरण किया गया। साथ ही अन्य योजनाओं के लिए हितग्राहियों का चयन किया गया। शिविर में संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर परिषद बरघाट जिला - सिवनी (मध्यप्रदेश)

फोन नं. :-07692 - 250114 ई-मेल:- cmobarghat@mpurban.gov.in, cmobarghat@gmail.com

क्रमांक 832/राजस्व/न.परि./2024 **बरघाट, दिनांक 4/01/2024**

-: सार्वजनिक खुली नीलामी ईश्तेहार सूचना :-

01- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद बरघाट के साप्ताहिक मवेशी बाजार एवं साप्ताहिक बैठकी बाजार नीलामी अवधि 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक के लिये दिनांक प्रथम नीलामी दिनांक 17/01/2024 दिन बुधवार को समय दोपहर 01.00 बजे उक्त दिवस को पर्याप्त बोली नही आने पर दिनांक 18/01/2024 दिन गुरूवार एवं पुनः पर्याप्त बोली नही आने पर दिनांक 19/01/2024 दिन शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय भवन में खुली नीलामी की जाना है। उ क्त दिवसों पर भी पर्याप्त बोली नही आने पर दिनांक 07/02/2024, 08/02/2024 एवं 09/02/2024 को उपरोक्तानुसार समय पर नीलामी की जावेगी।

02- इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार नगर परिषद की निर्धारित समय में उपस्थित हो कर बोली लगा सकते है।

03- नीलामी में बोली लगाने वाले इच्छुक ठेकेदार/व्यक्ति को नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ होने के 01 घंटा पूर्व तक साप्ताहिक मवेशी बाजार नीलामी में भाग लेने हेतु रू. 5,00,000/- (पांच लाख रूपये) एवं साप्ताहिक बैठकी बाजार हेतु रू. 1,00,000/- (एक लाख रू.) बतौर सुरक्षा निधि (अमानत राशि) राष्ट्रीकृत बैंक का मु य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद बरघाट के नाम बैंक ड्राफ्ट/ एफ.डी.आर. जमा करना अनिवार्य है।

04- सुरक्षा निधि राशि का बैंक ड्राफ्ट/ एफ.डी.आर. पर्याप्त बोली न आने पर दो दिन बाद कार्यालयीन समय में वापस किया जावेगा।

05- खुली नीलामी बोली हेतु साप्ताहिक मवेशी बाजार की शासकीय बोली 98,75,432/- (अट्ठानवे लाख पच्हत्तर हजार चार सौ बत्तीस रू.) एवं साप्ताहिक बैठकी बाजार की शासकीय बोली 9,23,569/- (नौ लाख तेईस हजार पांच सौ उनहत्तर रू.) है।

06- नीलामी स्थल पर केवल उन्ही व्यक्तियों को प्रवेश अनुमति होगी जिन्होने अमानत राशि/सुरक्षा निधि जमा की हो, अन्य व्यक्तियों का प्रवेश निषेध होगा।

07- नीलामी की उचित बोली ना आने की स्थिति में नीलामी स्थगित/निरस्त करने का अधिकार नीलामकर्ता अधिकारी को होगा तथा उनके द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा।

08- नीलामी बोली में बोलीदार को स्वीकृत नीलामी राशि पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. राशि अतिरिक्त देय होगी।

09- स्वीकृत बोलीदार द्वारा दूसरे कार्य दिवस को समय दोपहर 02.00 बजे तक उच्चतम बोली की 25 प्रतिशत राशि 18 प्रतिशत जी.एस.टी. राशि सहित जमा करना अनिवार्य होगा। राशि जमा न करने पर सुरक्षा निधि/ बैंक ड्राफ्ट राजसात कर ली जावेगी।

10- नीलामी में सुरक्षा निधि बैंक ड्राफ्ट/ एफ.डी.आर. जमा करके बोलीदार बोली की स्थिति में यह माना जावेगा कि बोलीदारों को नीलामी की सभी शर्तों की जानकारी है, शर्तें स्वीकार है।

नोटः- नीलाम संबंधी नियम शर्तें कार्यालयीन समय में नोटिस बोर्ड/राजस्व शाखा में देखी जा सकती है।

श्री वेदप्रकाश पुरी गोस्वामी मु य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद बरघाट	श्री ज्ञानसिंह चौधरी सभापति राजस्व नगर परिषद बरघाट	श्रीमति इमरता साहू अध्यक्ष नगर परिषद बरघाट

अपराध रोकना नागरिकों का संवैधानिक अधिकार -जगदीश तपिश

राष्ट्रीय सेमिनार लोकतंत्र और हमारा दायित्व

सिवनी यशोः- पालिटिकल साइंस एसोसिएशन एवं टीचर अवेयर आर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में ,लोकतंत्र में हमारा दायित्व विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार एवं अखिल भारतीय कवि स मेलन का आयोजन बरगी जबलपुर भाजपा विधायक नीरज सिंह ठाकुर के मु य आतिथ्य तथा अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन (इंटर गवर्नमेंटल आर्गेनाइजेशन)भारत ,डी टर एडवोकेट सलपनाथ यादव उच्च न्यायालय जबलपुर तथा वरिष्ठ साहित्यकार श्रेष्ठ श्रीवास्तव चातक सिवनी के विशेष आतिथ्य में लोकतंत्र और हमारा दायित्व विषय पर नगर परिषद आडिटोरियम भेड़ाघाट जबलपुर में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सेमिनार को संबोधित करते हुए विधायक नीरज सिंह ठाकुर ने न्यायपालिका,कार्यपालिका ,विधायिका तथा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए लोकतंत्र की गरिमा के अनुरूप दायित्व निर्वहन पर अपने विचार रखते हुए लोकहित में सरकार की नीतियों एवं प्रतिबद्धता का स्मरण कराते हुए सरकार और जनमानस के बीच आवश्यक समन्वय के माध्यम से देश को विकास के उच्च आयाम तक पहुँचाने का संकल्प दोहराते हुए सेमिनार में उपस्थित बेटियों का वंदन अभिनन्दन करते हुए उनके उज्जव भविष्य की कामना की।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन भारत के राष्ट्रीय सचिव ,वरिष्ठ साहित्यकार जगदीश तपिश सिवनी ने भारतीय संविधान द्वारा प्रदत मूल अधिकारों की स्पष्ट व्या या करते हुए अनेक उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया कि आवश्यक होने पर किस तरह आम नागरिक को सवैधानिक अधिकार देश के प्रत्येक नागरिक को प्रदान करता है लोकतंत्र में ये हमारा दायित्व भी है। उन्होंने सेमीनार में उपस्थित साहित्यकारों नागरिकों से विस्तृत चर्चा करते हुए यूनिवर्सल डि लेरेशन ह्यूमन राइट ऐ ट 1948 के अंतर्गत 30 बिंदुओं का उल्लेख तथा मानववधिकारों के संरक्षण हेतु समय समय पर किये जाने वाले बदलाव से अवगत करते हुए आग्रह किया की राष्ट्र हित में हम अपने संविधान प्रदत्त अधिकारों और दायित्व का निर्वहन अवश्य करें।

वरिष्ठ साहित्यकार रमेश श्रीवास्तव सिवनी ने अपने स बोधन में इस बात पर विशेष बल दिया की देश के विकास को चरम तक पहुँचाने में शासन प्रशासन तथा नागरिकों की समान जि मेवारी होती है इसमें किसी को भी किसी प्रकार का संदेह नहीं होना चाहिए हमें किसी भी प्रकार का भेद भाव न रखते हुए समान रूप से अपने दायित्व का निर्वाह करना चाहिए।

उच्च न्यायालय के एडवोकेट डी टर सलपनाथ यादव ने उद्बोधन में स्पष्ट किया की किसी भी नागरिक को अगर किसी भी प्रकार के अपराध को जनहित में रोकने में किसी भी प्रकार की कठिनाई आती है तो इस पुण्य कार्य में हम उनके सहयोग के लिए पूर्ण समर्पित हैं। सेमनर में देश के अनेक हिस्सों से आये आमंत्रित विद्वानों तथा साहित्यकारों ने भी लोकतंत्र और हमारा दायित्व विषय पर सारगर्भित विचार रखे।

सेमिनार के तृतीय चरण में मध्य प्रदेश उत्तरप्रदेश छत्तीसगढ़ तथा अन्य स्थानों से आमंत्रित कवियों ने विभिन्न विधाओं से ओत प्रोत रचनाओं से उपस्थित जनसमुदाय को भाव विभोर कर दिया ।

डी टर वी के सिंह चौरसिया भोपाल द्वारा आमंत्रित अतिथियों ,कवियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया ।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297